Organized one day seminar the department of Chemistry in Govt Rajmata Vijay Raje Scindia Girls College. On the date 14/12/2018 Lecture by Dr. Mukesh Kumar Tyagi

कन्या महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विषय में सेमीनार सफल

कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रा व प्राध्यापकगण

कार्यक्रम

■ नवभारत कार्यालय । कवर्धा.

शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में रसायन विभाग के अंतर्गत एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन डॉ. बी.एस. चौहान, प्राचार्य, के मार्गदर्शन में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डां. मुकेश कुमार त्यागी ने कार्बनिक आभिक्रियाओं की क्रियाविधि छात्राओं को समझाया और बताया कि बहुत से रसायनों का उपयोग हमारे दैनिक जीवन में रोज करते है. हम सभी को रसायनों की क्रियाविधि को जानना और समझना जरूरी है. इस सेमीनार में सुजाता, रामबती, वैशाली दीपक, रूचिका, निष्ठा, रिया, नागेश्वरी, ज्योति व अन्य छात्राओं ने प्रस्तुतीकरण दिया. इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिरेन्द्र कुमार. विभागाध्यक्ष ने किया. कार्यक्रम में डॉ. बी.एस. चौहान, प्राचार्य, असित कुमार, लवन सिंह कंवर, निहारिका सिंह ठाकुर, शिल्पी केशरवानी सहित महाविद्यालयीन छात्राओं की उपस्थिति रही.

Organized one day seminar the department of Hindi in Govt Rajmata Vijay Raje Scindia Girls College. On the date 12/09/2019 Lecture by Dr. D.P. Chandravanshi

आज राजमाता विजया राजे सिंधिया शा. कन्या महाविद्यालय कवर्धा में मोटिवेशनल और विमेन इम्पावरमेंट में स्पीकर बन कर छात्राओं से बात करने का अवसर मिला....on the Date 11/02/2019

कई विषयों पर प्राध्यापकों ने दिया विद्यार्थियों को व्यख्यान

कन्या महाविद्यालय में 15 दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में 15 दिवसीय भैतिकी, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, वाणिज्य, गणित, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान और कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर व्याख्यान व संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

हिन्दी विभाग में प्रवक्ता के रूप में नरेन्द्र कुमार कुलमित्र सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग में कौशल चंद्रवंशी, समाजशास्त्र विभाग में मुकेश कामले सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग में डॉ. अविनाश कुमार लाल प्राचार्य, वाणिज्य विभाग में डॉ. एसएस महापात्र प्राचार्य, गणित विभाग में सुरेन्द्र कुमार मेहर सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग में डॉ. ऋचा मिश्रा सहायक प्राध्यापक एवं जंतु विज्ञान विभाग में डॉ. जितेन्द्र जाखड़ सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में अनिल शर्मा सहायक प्राध्यापक द्वारा उपस्थित छात्राओं अलग-अलग दिवस में विस्तृत व्याख्यान दिये गये। संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती और राजमाता विजया राजे की प्रतिमा पर अर्चना कर किया गया। मनोनित छात्रसंघ पदाधिकारी रामबती मरकाम, सुजाता श्रीवास, एकता डडसेना, ज्योति एवं कक्षा प्रतिनिधियों में पूर्वा साहू, तनु खत्री, पद्मनी जोशी, रश्मि चंद्रवंशी, टिकेश्वरी पटेल, रोशनी साहू, आयशानाज खान, नेहा वर्मा, रश्मि झारिया द्वारा अतिथिओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। संगोष्ठी के दौरान छात्राओं ने रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न विषयों पर सवाल कर जवाब भी प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ प्रभारी सहायक प्राध्यापक लवन सिंह कंवर ने किया। इस गरिमामयी अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ.श्रीमती के तिग्गा, असित कुमार, डॉ.बिरेन्द्र कुमार, जालेश्वर कौशिक, शिल्पी केशरवानी, मौसमी कुलमित्र, कौशल साहू, वेद प्रकाश साहू, सविता पटेल, अंजली गोस्वामी, निहारिका सिंह ठाकुर, यशोधरा मानिकपुरी, ब्रजेश गुप्ता, बल्लू डहरिया, दुर्गेश सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

संस्कारधानी भूमि 27-02-2019

http://epaper.haribhoomi.com/

हरिभूमि

शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
संगोष्ठी
– राजनीतिविज्ञान
दिनाँक – 11.02.201